# मौत के बाद सक्रिय हुआ अमला पंचनामें में पुष्टि नहीं

## मझगवां के कैमहा में रविवार को हुई थी मासूम की मौत

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अप्रैल. यह जानकारी किसी से छिपी नहीं है कि जिले का मझगवां क्षेत्र कुपोषण के लिए कुख्यात रहा है. जिससे सबसे अधिक प्रभावित वहां के आदिवासी ही देखने को मिलते रहे हैं.**

हलांकि मझगवां के तराई अंचल से गाहे-बगाहे कुपोषण के मामले सामने आते रहे हैं, लेकिन मामला तब कहीं और गंभीर नजर आने लगा जब कुपोषण के चलते एक बालिका की मौत की जानकारी सामने आई. यह बात और है कि बच्ची की मौत के अगले दिन तैयार हुए पंचनामे में कुपोषण से मौत होने की पुष्टि नहीं हो सकी.जिले के मझगवां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कैमहा निवासी



राजललन मवासी और श्रीमती भूरी मवासी की 1 वर्षीय बेटी भारती मवासी की कुछ दिनों पहले तबीयत खराब हो गई. तेज बुखार को देखते हुए गांव के ही चिकित्सक डॉ. लाल बहादुर गर्ग को दिखाया गया. जिनके द्वारा दी गई दवा के सेवन से बच्ची को थोड़ा आराम हुआ. लेकिन रविवार को बच्ची की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी. जिसके चलते रात के लगभग 12 बजे बच्ची ने दम तोड़ दिया. यह देखते हुए परिजनों ने बच्ची के शव को निकट स्थित जंगल में ले जाकर दफना दिया. लेकिन घटना के अगले ही दिन इस जानकारी ने हड़कंप मचा दिया कि बच्ची की मौत कुपोषण के चलते हुई. मामले के तूल पकड़ते ही बालिका की मौत को लेकर पंचनामा तैयार करने की कवायद शुरु हो गई. इसी कड़ी में कुछ देर बाद पंचनामा भी सामने आ गया. जिसके अनुसार बालिका के जन्म से लेकर अब तक न तो कोई बीमारी थी और न ही कुपोषण. बालिका का जन्म सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां में 15 अप्रैल 2025 को हुआ था. उस दौरान उसका वजन 2.2 किलो था. इतना ही नहीं बल्कि बालिका का समय समय पर टीकाकरण भी हुआ था. इसी कड़ी में पीसीडीएस कार्यकर्त्ता द्वारा जून 25, अक्टूबर 25 और मार्च 26 में बालिका की जांच भी की गई थी. जिसके अनुसार बच्ची कुपोषण ग्रेड में नहीं थी. उक्त मवासी परिवार काम काज के सिलसिले में पन्ना जिले के मतकी गांव में भी जाकर निवास करता था. इस बार होली के समय परिवार वापस कैमहा आया था और तब से यहीं पर रह रहा था.

### नहीं खुलता उप स्वास्थ्य केंद्र

मझगवां तहसील अंतर्गत मतहैन ग्राम पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र भी बना हुआ है. लेकिन आस पास के ग्रामीणों के अनुसार न तो उक्त कार्यालय का ताला खुलता है और न ही वहां पर पदस्थ कोई कर्मचारी ही नजर आते हैं. नतीजतन वहां के ग्रामीणों को उक्त उप स्वास्थ्य केंद्र से उपचार की किसी तरह की सुविधा भी नहीं मिल पाती है. ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र के जिम्मेदार घर बैठकर वेतन ले रहे हैं. इसी कड़ी में ग्रामीणों ने यह जानकारी भी दी कि सोमवार को एसडीएम मझगवां महिपाल गुर्जर मतहैन उप स्वास्थ्य केंद्र में पहुंच गए. वहां की स्थिति और ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर एसडीएम द्वारा वहां के सुपरवाइजर को निलंबित करने के मौखिक आदेश दे दिए गए.

### कलेक्टर ने बनाई जांच समिति

**सतना, 6 अप्रैल.** कैमहा में बालिका की मौत की जांच के लिए कलेक्टर सतीश कुमार एस ने तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया है.

दल में एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर, सीएमएचओ डा. मनोज शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह को शामिल किया गया है.समिति अपनी प्रतिवेदन देर रात तक कलेक्टर को सौंपेगी.

# हाईकोर्ट ने नपाध्यक्ष सीधी के वित्तीय शक्तियों में लगाई रोक

## शासन की कमी के चलते उलझा मामला

नवभारत न्यूज

**सीधी, 6 अप्रैल. मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर ने नगर पालिका परिषद सीधी की अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा के वित्तीय शक्तियों पर फिलहाल रोंक लगा दी है।**



न्यायाधीश संदीप एन. भट्ट ने डब्ल्यूपी संख्या 11116-2026 की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिनांक-06 अप्रैल 2026 को जारी किया। याचिका बृजेश सिंह बनाम मध्य प्रदेश राज्य और अन्य की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सिद्धार्थ शुक्ला एवं राज्य की ओर से सरकारी अधिवक्ता सुश्री कनक गहरवार विद्वान न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत हुए। स्वीकृति और अंतरिम राहत के प्रश्न पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के विद्वान अधिवक्ता ने बताया कि डब्ल्यूपी संख्या 10957/2024 और डब्ल्यूपी संख्या 9866/2026 (इंदौर पीठ) वाली समान याचिकाएं पहले ही स्वीकार की जा चुकी हैं और अंतरिम राहत प्रदान की जा चुकी है। उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए, आरएडी द्वारा प्रक्रिया शुल्क के भुगतान के लिए प्रतिवादियों को सात कार्यदिवसों के भीतर नोटिस जारी किया जाए, अन्यथा याचिका स्वत: ही खारिज हो जाएगी और आगे पीठ के समक्ष संदर्भित नहीं की जाएगी। नोटिस तीन सप्ताह के भीतर वापस करने योग्य हों।

### अगली सुनवाई तक लगी रोक

विद्वान न्यायाधीश ने सुनवाई के बाद आदेश किया कि समानता बनाए रखने के लिए अंतरिम उपाय के रूप में, यह निर्देश दिया जाता है कि अगली सुनवाई की तिथि तक प्रतिवादी संख्या श्रीमती काजल वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीधी पद के लिए उपलब्ध वित्तीय शक्तियों का प्रयोग न करें, यदि वह अधिसूचना जारी किए बिना अध्यक्ष के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं। तीन सप्ताह बाद सूचीबद्ध करें।

# रिश्वत लेते भृत्य का वीडियो वायरल, तहसील प्रशासन हरकत में

- कारण बताओ नोटिस जारी, मूल शाखा से हटाकर निर्वाचन कार्यालय में किया अटैच

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 अप्रैल। जिले की खुटार ग्रामीण तहसील में पदस्थ भृत्य जयचंद्र शाह का कथित रूप से रिश्वत लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है। यह वीडियो बीते रविवार की शाम को तेजी से वायरल हुआ, जिसके बाद तहसील प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी।**

वायरल वीडियो में भृत्य जयचंद्र शाह को कथित तौर पर किसी व्यक्ति से पैसे लेते हुए देखा जा रहा है।



हालांकि वीडियो की सत्यता की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है, लेकिन मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तहसीलदार प्रीति सिकरवार ने इसे संज्ञान में लेकर प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए संबंधित भृत्य को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। तहसीलदार प्रीति सिकरवार ने स्पष्ट किया कि वीडियो सामने आने के बाद तत्काल प्रभाव से जयचंद्र शाह को उसके मूल कार्यस्थल से हटा दिया गया है। उसे फिलहाल तहसील कार्यालय के निर्वाचन शाखा में अटैच किया गया है.

# निवास बाजार में भीषण आग, लाखों का नुकसान

## दमकल की तत्परता से टला बड़ा हादसा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 अप्रैल। जिले के निवास बाजार में बीते रविवार की दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब यूनियन बैंक के पास स्थित एक किराना दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।**

बताया जा रहा है कि दुकान संचालक जितेंद्र सेठ को इस घटना में भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग तेजी से फैलने लगी और देखते ही देखते दुकान पूरी तरह लपटों में घिर गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों की तत्परता के चलते आग को आसपास की दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्राथमिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। निवास चौकी प्रभारी



प्रियंका सिंह के अनुसार पुलिस और दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित व्यापारी को सहायता दिलाने की मांग की है।

### पैसा नहीं मिलने पर युवक ने लगाई फांसी

जिले के बरगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत कसर हडवडिया टोला में एक 19 वर्षीय युवक ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अभिषेक शाह पिता मंगल शाह के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिषेक शाह बीते कुछ दिनों से मोबाइल खरीदने के लिए अपनी मां से पैसे की मांग कर रहा था। बताया जा रहा है कि आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण मां ने पैसे देने से मना कर दिया, जिससे आहत होकर युवक ने यह कदम उठा लिया। बीती रात उसने घर के अंदर ही पंखे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह परिजनों ने जब उसे फंदे पर लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना तत्काल बरगवां पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# शहर के अन्दर रानी तालाब पार्क में सास-बहू से लूट

## बदमाशों ने गले से तोड़ लिया सोने का मंगलसूत्र और हार, कट्टा दिखाकर भागे, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अप्रैल, शहर के सिटी कोतवाली थाना अन्तर्गत रविवार को रानी तालाब पार्क में घूमने गई सास बहू के साथ बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया है. बदमाशों ने सास और बहू दोनों के गले से झपट्टा मारकर सोने के 4 नग मंगलसूत्र और हार तोड़ लिये.**

पीड़ितों की मांने बदमाश चार से पांच की संख्या में थे और वह कट्टा व चाकू जैसे हथियार से भी लैस थे. हालाकि घटना के वक्त पीड़ित महिलाओं के साथ मौजूद युवक ने



बदमाशों का पीछा किया, लेकिन बदमाश हथियार दिखाते हुये बाउंड्री कूदकर फरार हो गए. फिलहाल पुलिस को सूचना देने के बाद आज घटना के दूसरे दिन सोमवार को पीड़ित महिलाएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है और कार्यवाही की मांग की है. घटना के संबंध में शहडोल के सोहागपुर निवासी कृष्णा वर्मा नें बताया कि वह रीवा स्थित घोघर में रहने वाले भतीजे के घर बरहौ कार्यक्रम में आई थी. रविवार को जब वह अपनी बहू अंकिता वर्मा सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रानी तालाब मंदिर में दर्शन करने के बाद पार्क में घूम रही थी, तभी चार से पांच की संख्या में आए बदमाशों ने उनके गले से एक मंगलसूत्र और एक हार तोड़ लिया. वहीं साथ में चल रही बहू के गले से भी बदमाषों नें दो मंगलसूत्र तोड़ लिये.

### आरोपी के हाथ में कट्टा था

पीडित महिलाओं ने बताया कि घटना के वक्त एक बदमाश के हाथ में कट्टा था, जो पीछा करने पर कट्टा दिखाते हुये मौके से फरार हो गए. बता दें कि रानी तालाब पार्क शहर का प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है, जहां दिनदहाडे इस तरह से लूट की वारदात का होना कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है. हालाकि वारदात में आसपास के स्थानीय बदमाशों के शामिल होने की आशंका है. फिलहाल मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने संदेहियों की धरपकड़ शुरू कर दी है.

### सरई कोल यार्ड से बढ़ा प्रदूषण ग्रामीणों में नाराजगी

**सरई 6 अप्रैल।** जिले के सरई रेलवे स्टेशन में बने कोल यार्ड से कोयला परिवहन करने वाले भारी वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ने से स्थानीय लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। दिन-रात दौड़ रहे ट्रकों से सड़क पर धूल और कोयले का प्रदूषण फैल रहा है, जिससे आसपास के रहवासियों, यात्रियों और व्यापारियों को गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना हुआ है।

# जल संकट की आशंका पर सीधी जिला जल अभावग्रस्त घोषित

## ट्यूबवेल उत्खनन एवं गैर-पेयजल उपयोग पर प्रतिबंध

नवभारत न्यूज

**सीधी, 6 अप्रैल. जिले की प्रमुख नदियों, नालों एवं स्टापडैम के जल प्रवाह में लगातार कमी को देखते हुए संभावित पेयजल संकट की स्थिति से निपटने के लिए कलेक्टर विकास मिश्रा ने संपूर्ण सीधी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है।**

यह निर्णय पशुओं सहित आमजन को पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार तहसील रामपुरनैकिन, चुरहट, गोपदबनास, सिहावल, बहरी, मझौली, म?वास एवं कुसमी को 02 अप्रैल 2026 से 15 जुलाई 2026 अथवा वर्षा प्रारंभ होने तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। यह आदेश (म.प्र.) पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 तथा मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण (संशोधन) अधिनियम 2002 की धारा 3 के तहत जारी किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशों के तहत बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के ट्यूबवेल उत्खनन पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही नदियों, नालों एवं स्टापडैम से पेयजल के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रयोजन हेतु पानी लेने पर भी रोक लगाई गई है।

झसंबंधित अनुविभागों के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को इस संबंध में सक्षम अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश शासकीय नलकूप उत्खनन पर लागू नहीं होगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध अधिनियम के प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# कांटा पंचिंग में बड़ा खेल, एनसीएल बी-ब्लॉक गोरबी में कोयला तौल में गड़बड़ी का खुलासा

## रिमोट सेटिंग से 48 टन लोड को 32 टन दिखाकर पास, प्रति गाड़ी 8 टन तक की हेराफेरी का आरोप

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 अप्रैल। जिले के कोल खदान क्षेत्र में एक बार फिर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की खबरें सामने आ रही हैं।**

इस बार मामला एनसीएल के बी-ब्लॉक गोरबी स्थित कांटा (वजन माप केंद्र) से जुड़ा है, जहां कोयले की तौल में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी किए जाने का आरोप लग रहा है। सूत्रों की मानें तो कांटा पंचिंग के नाम पर यहां भारी खेल चल रहा है, जिससे न केवल कंपनी को आर्थिक नुकसान हो



रहा है, बल्कि पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि गोरबी कांटा में तकनीकी उपकरणों के साथ छेड़छाड़ कर रिमोट के जरिए वजन कम दिखाने का खेल किया जा रहा है। हकीकत में जहां एक गाड़ी में करीब 48 टन कोयला लोड रहता है, वहीं कांटा बाबू की मिलीभगत से उसे मात्र 32 टन दिखाकर पास कर दिया जाता है। इस तरह प्रति गाड़ी लगभग 8 टन कोयला का अंतर पैदा किया जा रहा है, जो सीधे-सीधे बड़े स्तर पर आर्थिक गड़बड़ी की ओर इशारा करता है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार इस पूरे खेल में कांटा बाबू की अहम भूमिका बताई जा रही है। कमीशन के चक्कर में नियमों को ताक पर रखकर इस तरह की हेराफेरी को अंजाम दिया जा रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों गाड़ियों की आवाजाही के चलते यह घोटाला लाखों रुपये तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। खास बात यह है कि यह खेल लंबे समय से जारी बताया जा रहा है, लेकिन अब तक जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इस पर नहीं पड़ी या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। इस मामले ने एनसीएल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो कंपनी को करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ सकता है। वहीं ईमानदारी से काम करने वाले कर्मचारियों का मनोबल भी गिरने की आशंका है।

# युवती से दुष्कर्म, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

## शादी का झांसा देकर कई महीनों तक किया शोषण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 अप्रैल। जिले के माड़ा थाना क्षेत्र से एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है, जिसमें आरोपी युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि उसकी पहचान आरोपी युवक से कुछ समय पहले हुई थी।

बातचीत के दौरान आरोपी ने उसे प्रेमजाल में फंसाया और शादी करने का वादा किया। भरोसे में लेकर आरोपी ने कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने युवक से शादी करने की बात कही तो वह टालमटोल करने लगा। बाद में उसने साफतौर पर शादी से इंकार कर दिया। विरोध करने पर आरोपी द्वारा धमकी देने की भी बात सामने आई है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराया। प्रारंभिक जांच के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है और जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। वहीं इस घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# मैहर में प्रभारी मंत्री राधा ने किया सिविल अस्पताल का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**मैहर 06 अप्रैल. मध्यप्रदेश शासन की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने सोमवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान सिविल अस्पताल मैहर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**

निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, साफ-सफाई एवं मरीजों को मिल रही सेवाओं की जानकारी ली। इस दौरान प्रभारी




मंत्री ने एचपीवी टीकाकरण अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार और वैक्सीनेशन की गति बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह सहित अस्पताल का स्टाफउपस्थित रहा।

### प्रभारी मंत्री ने मरीजों का हाल-चाल जाना



मध्यप्रदेश शासन की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री तथा मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने सोमवार को अपने मैहर प्रवास के दौरान सिविल अस्पताल पहुंचकर मरीजों से मुलाकात की और उन्हें फल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने मरीजों का हाल-चाल जाना और अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी भी ली। प्रभारी मंत्री श्रीमती सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को मरीजों के बेहतर उपचार और सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहने के निर्देश दिए।

# शराब पीकर ड्यूटी करने पर तीन पुलिसकर्मी निलंबित

नवभारत न्यूज

**सीधी, 6 अप्रैल. पुलिस अधीक्षक द्वारा विभाग में अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से सख्त कार्रवाई की गई है।**

वीआईपी ड्यूटी में तैनात एएसआई अनूप बंसल, प्रधान आरक्षक प्रभात सिंह सेंगर और आरक्षक अमन भट्ट को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार एएसआई अनूप बंसल, प्रधान आरक्षक प्रभात सिंह सेंगर और आरक्षक अमन भट्ट को वीआईपी आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगाया गया था। ड्यूटी के दौरान ही 4 अप्रैल की रात उक्त तीनों पुलिसकर्मियों द्वारा मझौली क्षेत्र के एक ढाबे के पास वर्दी में शराब पीकर अभद्रता करने की सूचना पर मौके पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी के साथ प्रधान आरक्षक प्रभात सिंह द्वारा अनुशासनहीनता पूर्वक व्यवहार किया गया। मेडिकल जांच में शराब के सेवन की पुष्टि होने और ड्यूटी में गंभीर अनुशासनहीनता एवं लापरवाही पाए जाने पर निलंबन आदेश जारी किया गया है। तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर रक्षित केंद्र संबद्ध कर दिया गया है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99